3607

विषय कोड पुस्तिका कोड क्रमांक

**4** **A**

# 2015 (I)
# गणित विज्ञान
## प्रश्न पत्र

**H**

समय : 3:00 घंटे पूर्णांक : 200 अंक

## अनुदेश

1. आपने हिन्दी को माध्यम चुना है । इस परीक्षा पुस्तिका में एक सौ बीस (20 भाग 'A' में + 40 भाग 'B' + 60 भाग 'C' में ) बहुल विकल्प प्रश्न (MCQ) दिए गए हैं । आपको भाग 'A' में से अधिकतम 15 और भाग 'B' में 25 प्रश्नों तथा भाग 'C' में से 20 प्रश्नों के उत्तर देने हैं । यदि निर्धारित से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए तब केवल पहले भाग 'A' से 15, भाग 'B' से 25 तथा भाग 'C' से 20 उत्तरों की जांच की जाएगी ।
2. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अलग से दिया गया है । अपना रोल नम्बर और केन्द्र का नाम लिखने से पहले यह जांच लीजिए कि पुस्तिका में पृष्ठ पूरे और सही हैं तथा कहीं से कटे–फटे नहीं हैं । यदि ऐसा है तो आप इन्विजीलेटर से उसी कोड की पुस्तिका बदलने का निवेदन कर सकते हैं । इसी तरह से ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को भी जांच लें । इस पुस्तिका में रफ काम करने के लिए अतिरिक्त पन्ने संलग्न हैं ।
3. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पृष्ठ 1 में दिए गए स्थान पर अपना रोल नम्बर, नाम तथा इस परीक्षा पुस्तिका का क्रमांक लिखिए, साथ ही अपना हस्ताक्षर भी अवश्य करें ।
4. **आप अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में रोल नंबर, विषय कोड, पुस्तिका कोड और केन्द्र कोड से संबंधित समुचित वृतों को काले बॉल पेन से अवश्य काला करें। यह एक मात्र परीक्षार्थी की जिम्मेदारी है कि वह ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देशों का पूरी सावधानी से पालन करें, ऐसा न करने पर कम्प्यूटर विवरणों का सही तरीके से अकूटित नहीं कर पाएगा, जिससे अंततः आपको हानि, जिससे आपकी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अस्वीकृति भी शामिल, हो सकती है ।**
5. भाग 'A' में प्रत्येक प्रश्न 2 अंक , भाग 'B' में प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक तथा भाग 'C' में प्रत्येक प्रश्न 4.75 अंक का है । प्रत्येक गलत उत्तर का ऋणात्मक मूल्यांकन भाग 'A' में @ 0.5 अंक तथा भाग 'B' में @ 0.75 अंक से किया जाएगा । भाग 'C' के उत्तरों के लिए ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं है ।
6. भाग 'A' तथा भाग 'B' के प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक विकल्प ही "सही" अथवा "सर्वोत्तम हल" है । आपको प्रत्येक प्रश्न का सही अथवा सर्वोत्तम हल ढूंढना है । भाग 'C' में प्रत्येक प्रश्न का "एक" या "एक से अधिक" विकल्प सही हो सकते हैं । भाग 'C' में प्रत्येक प्रश्न के सभी विकल्पों का सही चयन करने पर ही क्रेडिट प्राप्त होगा । सब सही विकल्पों का चयन नहीं करने पर कोइ आंशिक क्रेडिट नहीं दिया जाएगा ।
7. नकल करते हुए या अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हुए पाए जाने वाले परीक्षार्थियों का इस और अन्य भावी परीक्षाओं के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है ।
8. परीक्षार्थी को उत्तर या रफ पन्नों के अतिरिक्त कहीं और कुछ भी नहीं लिखना चाहिए ।
9. केलकूलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
10. **परीक्षा समाप्ति पर छिद्र बिन्दु चिन्हित स्थान से OMR उत्तर पत्रक को विभाजित करें। इन्विजीलेटर को मूल OMR उत्तर पत्रक सौंपने के पश्चात आप इसकी कॉर्बनलैस प्रतिलिपि ले जा सकते हैं।**
11. हिन्दी माध्यम/संस्करण के प्रश्न में विसंगति होने/पाये जाने पर अंग्रेजी संस्करण प्रमाणिक होगा ।
12. केवल परीक्षा की पूरी अवधि तक बैठने वाले परीक्षार्थी को ही परीक्षा पुस्तिका साथ ले जाने की अनमति दी जाएगी ।

रोल नंबर : ..............................

नाम : ..................................

OMR उत्तर पत्रक नंबर : ....................

अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जानकारी को मैं सत्यापित करता हूँ ।

..............................

इन्विजीलेटर के हस्ताक्षर

रफ कार्य/ROUGH WORK

## भाग /PART 'A'

1. निम्न शब्दों के समूहों में, हर एक में एक संख्या छिपी हुई है, जिसके आधार पर आपको उन्हें आरोही क्रम में व्यवस्थित करना है। सही उत्तर को पहचानें:
   A. प्रतिज्ञा रहती है
   B. चुनौती अस्वीकार करो
   C. कछुआ, ठप्पा आकार का
   D. पद समारोह

| | |
|---|---|
| 1. A, B, C, D | 2. C, B, D, A |
| 3. A, C, D, B | 4. C, D, B, A |

1. In each of the following groups of words is a hidden number, based on which you should arrange them in ascending order. Pick the right answer:
   A. Tinsel event
   B. Man in England
   C. Good height
   D. Last encounter

| | |
|---|---|
| 1. A, B, C, D | 2. C, B, D, A |
| 3. A, C, D, B | 4. C, D, B, A |

2. मानें कि $m$ तथा $n$ दो धन पूर्णांक हैं ताकि
   $m+n+mn=118$
   तो $m+n$ का मान है
   1. अद्वितीयत: निर्धारित नहीं होगा
   2. 18
   3. 20
   4. 22

2. Let $m$ and $n$ be two positive integers such that
   $m+n+mn=118$
   Then the value of $m+n$ is
   1. not uniquely determined
   2. 18
   3. 20
   4. 22

3. AB एक वृत्त का व्यास है। जीवा CD, AB से लंब है तथा उसे P पर प्रतिच्छेद करता है। यदि CP = 2 तथा PB =1 है, तो वृत्त की त्रिज्या है




| | |
|---|---|
| 1. 1 | 2. 2.5 |
| 3. 2 | 4. 5 |

3. AB is the diameter of a circle. The chord CD is perpendicular to AB intersecting it at P. If CP = 2 and PB =1, the radius of the circle is




| | |
|---|---|
| 1. 1 | 2. 2.5 |
| 3. 2 | 4. 5 |

4. निम्न दिये गये व्यवस्थात्मक चित्र में कोण $x$ का क्या मान है?




| | |
|---|---|
| 1. 60 | 2. 50 |
| 3. 40 | 4. 30 |

4. What is angle $x$ in the schematic diagram given below ?




1. 60     2. 50
3. 40     4. 30

5. 40 खिलाडियों के एक समूह से 11 खिलाडियों का एक क्रिकेट टीम को चुनना है। फिर उनमें से एक को टीम के कप्तान के रूप में चुनना है। इसको करने के तरीक़ों की कुल संख्या है:
[निम्न में $\binom{m}{n}$ का मतलब है, $m$ चीजों से $n$ चीजों को चुनने के कुल तरीके]

1. $\binom{40}{11}$     2. $11\binom{40}{11}$
3. $29\binom{40}{11}$     4. $\binom{39}{10}$

5. From a group of 40 players, a cricket team of 11 players is chosen. Then, one of the eleven is chosen as the captain of the team. The total number of ways this can be done is
[ $\binom{m}{n}$ below means the number of ways $n$ objects can be chosen from $m$ objects]

1. $\binom{40}{11}$     2. $11\binom{40}{11}$
3. $29\binom{40}{11}$     4. $\binom{39}{10}$

6. बिंदु A से शुरू करते हुये आप एक मील दक्षिण की तरफ उडते हैं, फिर एक मील पूर्व की ओर, और एक मील उत्तर दिशा में, जो आपको बिन्दु A पर वापस ला देता है। बिंदु A उत्तरी ध्रुव नहीं है। निम्न में से क्या आवश्यकत: सच है?

1. आप उत्तरी गोलार्ध में हैं।
2. आप पूर्वी गोलार्ध में हैं।
3. आप पश्चिमी गोलार्ध में हैं।
4. आप दक्षिणी गोलार्ध में हैं।

6. Starting from a point A you fly one mile south, then one mile east, then one mile north which brings you back to point A. Point A is NOT the north pole. Which of the following MUST be true?

1. You are in the Northern Hemisphere
2. You are in the Eastern Hemisphere
3. You are in the Western Hemisphere
4. You are in the Southern Hemisphere

7. रास्ते पर विराम करते हुए एक 4 मीटर लंबे ट्रक को एक 3 मीटर लंबी कार पार करती है। कार की गति 7 m/s है। पार करने का समय है

1. 4/7 s     2. 1 s
3. 7/4 s     4. 10/7 s

7. A 3 m long car goes past a 4 m long truck at rest on the road. The speed of the car is 7 m/s. The time taken to go past is

1. 4/7 s     2. 1 s
3. 7/4 s     4. 10/7 s

8. मर्तबान 'स' में 40 सफेद गोलियां हैं तथा मर्तबान 'क' में 40 काली गोलियां हैं। 'क' से दस काली गोलियों को 'स' में स्थानांतरित करके उसे पूरी तरह मिलाया जाता है। अब 'स' से यादृच्छिकत: चुनी गयी दस गोलियों को 'क' में वापस किया जाता है ताकि हर मर्तबान में चालीस गोलियां हैं। 'स' में काली गोलियों की संख्या है

1. 'क' में सफेद गोलियों की संख्या के समान
2. 'क' में सफेद गोलियों की संख्या से अधिक
3. 'क' में सफेद गोलियों की संख्या से कम
4. दी गयी सूचना से अनिर्धारित

8. Jar W contains 40 white marbles and jar B contains 40 black marbles. Ten black marbles from B are transferred to W and mixed thoroughly. Now, ten randomly selected marbles from W are put back in Jar B to make 40 marbles in each jar. The number of black marbles in W

1. would be equal to the number of white marbles in B
2. would be more than the number of white marbles in B
3. would be less than the number of white marbles in B
4. cannot be determined from the information given

**9.** पृथ्वी के गिर्द, भूमध्यरेखा के समांतर लपेटी गयी 10 मीटर चौड़ी तीन समांतर पट्टियों के बारे में विचारें: भूमध्यरेखा पर $A_1$, कर्क रेखा पर $A_2$ तथा आर्कटिक वृत्त पर $A_3$ । पट्टियों के क्षेत्रफलों का क्रम है

1. $A_1 < A_2 < A_3$ 
2. $A_1 = A_2 > A_3$
3. $A_1 > A_2 = A_3$ 
4. $A_1 > A_2 > A_3$

**9.** Consider 3 parallel strips of 10 m width running around the Earth, parallel to the equator; $A_1$ at the Equator, $A_2$ at the Tropic of Cancer and $A_3$ at the Arctic Circle. The order of the areas of the strips is

1. $A_1 < A_2 < A_3$ 
2. $A_1 = A_2 > A_3$
3. $A_1 > A_2 = A_3$ 
4. $A_1 > A_2 > A_3$

**10.** यदि

$aN \Rightarrow S$
$eF \Rightarrow I$
$gH \Rightarrow M$

हैं, तो $nS \Rightarrow ?$

1. T
2. A
3. L
4. K

**10.** If

$aN \Rightarrow S$
$eF \Rightarrow I$
$gH \Rightarrow M$

then $nS \Rightarrow ?$

1. T
2. A
3. L
4. K

**11.** 10,000 से कम ऐसी कितनी अऋण संख्यायें हैं ताकि उनके हर एक के अंकों का योगफल तीन से विभाजनीय है?

1. 1112
2. 2213
3. 2223
4. 3334

**11.** How many non-negative integers less than 10,000 are there such that the sum of the digits of the number is divisible by three?

1. 1112
2. 2213
3. 2223
4. 3334

**12.** तीन व्यक्तियों A, B तथा C में एक हमेशा झूठ बोलता है तथा बाकी हमेशा सच। C ने A से पूछा, "क्या तुम हमेशा सच बोलते हो, हां या ना?" A ने कुछ कहा परंतु C उत्तर को सुन नहीं पाया। तो C ने B से पूछा, "A ने क्या उत्तर दिया?"
B ने जवाब दिया, "A ने कहा ना" तो झूठा कौन है?

1. A
2. B
3. C
4. अनिर्धारित

**12.** Of three persons A, B and C, one always lies while the others always speak the truth. C asked A, "Do you always speak the truth, yes or no?" He said something that C could not hear. So, C asked B, "what did A say?"
B replied, "A said No".
So, who is the liar?

1. A
2. B
3. C
4. cannot be determined

**13.**




त्रिज्या R के एक वृत्तीय वलय में दो व्यासत: उल्टी बिंदुओं A तथा B पर स्थित दो चींटियां एक दूसरे की और रेंगना शुरू करती हैं। A पर स्थित चींटी की गति, B पर स्थित चींटी की गति की तुलना में आधा है। वह बिंदु जहां वे मिलेंगी, सरल रेखीय दूरी

1. A से R पर है
2. A से $\frac{3R}{2}$ पर है
3. B से R पर है
4. B से $\frac{3R}{2}$ पर है

**13.**




Two ants, initially at diametrically opposite points A and B on a circular ring of radius R, start crawling towards each other. The speed of the one at A is half of that of the one at B. The point at which they meet is at a straight line distance of

1. R from A
2. $\frac{3R}{2}$ from A
3. R from B
4. $\frac{3R}{2}$ from B

**14.**




रेखाचित्र के आधार पर तय करें कि निम्न कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है?

1. जभी पदकों की कुल संख्या में वृद्धि हुई, स्वर्ण पदकों की संख्या बढ़ी।
2. 2006 की तुलना में स्वर्ण पदकों में 2010 में हुई प्रतिशत वृद्धि, कुल पदकों में हुई संगत वृद्धि से अधिक है।
3. हर बार स्वर्णतर पदकों की संख्या, कुल पदकों की संख्या के 50% से ऊपर का हिसाब रखती है।
4. 2006 की तुलना में 2010 में स्वर्ण पदकों में हुई प्रतिशत वृद्धि, 1998 की तुलना में 2002 में हुई संगत वृद्धि से अधिक है।

**14.**




Based on the graph, which of the following statements is NOT true?

1. Number of gold medals increased whenever total number of medals increased
2. Percentage increase in gold medals in 2010 over 2006 is more than the corresponding increase in total medals
3. Every time non-gold medals together account for more than 50% of the total medals
4. Percentage increase in gold medals in 2010 over 2006 is more than the corresponding increase in 2002 over 1998

**15.** एक पिरामिड आकार वाला खिलौना $1 \times 1 \times 1$ cm$^3$ वाले घन खण्डों को कसकर व्यवस्थित करके बनाया जाता है। खिलौने एक की पेंदा $4 \times 4$ cm$^2$ का एक वर्ग है। हर सीढ़ी की चौड़ाई 0.5 cm है। खिलौना बनाने कितने खण्डों की आवश्यकता है?

1. 30
2. 34
3. 36
4. 40

**15.** A pyramid shaped toy is made by tightly placing cubic blocks of $1 \times 1 \times 1$ cm$^3$. The base of the toy is a square $4 \times 4$ cm$^2$. The width of each step is 0.5 cm. How many blocks are required to make the toy?

1. 30
2. 34
3. 36
4. 40

**16.** DNA में सूचना 4 क्षारकों, अर्थात् A, T, G तथा C के अनुक्रम के रूप में है। G तथा C के अनुपात समान हैं, तथा A एवं T के अनुपात भी समान हैं। निम्न DNA रज्जुकों में से किसकी संभवतः

उच्चतम विविधता होगी (अर्थात् हर क्षारक के लिए उच्चतम सूचना अंतर्विष्टि)?

1. लंबाई 1000 वाले क्षारक, 10% G युक्त
2. लंबाई 2000 वाले क्षारक, 10% A युक्त
3. लंबाई 2000 वाले क्षारक, 40% T युक्त
4. लंबाई 1000 वाले क्षारक, 25% C युक्त

**16.** Information in DNA is in the form of sequence of 4 bases namely A, T, G and C. The proportion of G is the same as that of C, and that of A is the same as that of T. Which of the following strands of DNA will potentially have maximum diversity (i.e., maximum information content per base)?

1. length 1000 bases with 10% G
2. length 2000 bases with 10% A
3. length 2000 bases with 40% T
4. length 1000 bases with 25% C

**17.** आमने सामने स्थित दो समतल दर्पण आपस में 60° कोण पर रखे जाते हैं। कोण अर्धक पर बिंदु A स्थित है। बिंदु के प्रतिबिंबों की संख्या है:

1. 6    2. 3
3. 5    4. अनंत

**17.** Two plane mirrors facing each other are kept at 60° to each other. A point is located on the angle bisector. The number of images of the point is

1. 6    2. 3
3. 5    4. Infinite

**18.** मैंने एक कमीज 10% छूट पर खरीदी तथा उसे एक दोस्त को 10% नुकसान पर बेच दी। कमीज के लिए यदि दोस्त ने मुझे Rs. 729.00 दिए, तो कमीज़ का बिना कोई छूट का क्या मूल्य था?

1. Rs. 900    2. Rs. 800
3. Rs. 1000    4. Rs. 911.25

**18.** I bought a shirt at 10% discount and sold it to a friend at a loss of 10%. If the friend paid me Rs. 729.00 for the shirt, what was the undiscounted price of the shirt ?

1. Rs. 900    2. Rs. 800
3. Rs. 1000    4. Rs. 911.25

**19.** एक एक-कोशिकायी गोल जीव आयतन में 70% जल से बना है। यदि उसके जल अंतर्विष्टि में 10% का नुकसान होता है, तो उसके क्षेत्रफल में लगभग कितना परिवर्तन होगा?

1. 3%    2. 5%
3. 6%    4. 7%

**19.** A single celled spherical organism contains 70% water by volume. If it loses 10% of its water content, how much would its surface area change by approximately?

1. 3%    2. 5%
3. 6%    4. 7%

**20.** मानें कि

(1) $x = 4$
(2) तो $x - 4 = x^2 - 4^2$(क्योंकि दोनों पथ शून्य हैं)
(3) अत: $(x - 4) = (x - 4)(x + 4)$
दोनों पथों में $(x - 4)$ को हटाकर,
(4) $1 = (x + 4)$
(5) तो $x = -3$

कौन सा कदम गलत है?

1. 1 से 2    2. 2 से 3
3. 3 से 4    4. 4 से 5

**20.** Suppose

(1) $x = 4$
(2) Then $x - 4 = x^2 - 4^2$(as both sides ar zero)
(3) Therefore $(x - 4) = (x - 4)(x + 4)$
Cancelling $(x - 4)$ from both sides
(4) $1 = (x + 4)$
(5) Then $x = -3$

Which is the wrong step?

1. 1 to 2    2. 2 to 3
3. 3 to 4    4. 4 to 5

# भाग \PART 'B'

## UNIT - 1

**21.** मानें कि $f: X \to X$ ताकि सभी $x \epsilon X$ के लिए $f(f(x)) = x$ है। तो

1. $f$ एकैकी तथा आच्छादक है
2. $f$ एकैकी है, परंतु आच्छादक नहीं।
3. $f$ आच्छादक है परंतु एकैकी नहीं।
4. यह जरूरी नहीं है कि $f$ आच्छादक या एकैकी हो।

**21.** Let $f: X \to X$ such that $f(f(x)) = x$ for all $x \epsilon X$. Then

1. $f$ is one-to-one and onto.
2. $f$ is one-to-one, but not onto.
3. $f$ is onto but not one-to-one.
4. $f$ need not be either one-to-one or onto.

**22.** मानें कि $\mathbb{R}$ पर $f'' - 2f' + f = 0$ का समाधान करते हुये दो बार अवकलनीय फलनों की समष्टि $V$ है। परिभाषित करें कि $T: V \to \mathbb{R}^2$, $T(f) = (f'(0), f(0))$ के द्वारा। तो $T$ है

1. एकैकी तथा आच्छादक।
2. एकैकी परंतु आच्छादक नहीं।
3. आच्छादक परंतु एकैकी नहीं।
4. न तो आच्छादक, न एकैकी।

**22.** Let $V$ be the space of twice differentiable functions on $\mathbb{R}$ satisfying $f'' - 2f' + f = 0$. Define $T: V \to \mathbb{R}^2$ by $T(f) = (f'(0), f(0))$. Then $T$ is

1. one-to-one and onto.
2. one-to-one but not onto.
3. onto but not one-to-one.
4. neither one-to-one nor onto.

**23.** सीमांत

$$\lim_{x \to 0} \frac{1}{x} \int_{x}^{2x} e^{-t^2}\, dt$$

1. का अस्तित्व नहीं है।
2. अनंत है।
3. का अस्तित्व है तथा 1 के समान है।
4. का अस्तित्व है तथा 0 के समान है।

**23.** The limit

$$\lim_{x \to 0} \frac{1}{x} \int_{x}^{2x} e^{-t^2}\, dt$$

1. does not exist.
2. is infinite.
3. exists and equals 1.
4. exists and equals 0.

**24.** श्रेणी $\frac{1}{1!} + \frac{1+2}{2!} + \frac{1+2+3}{3!} + \cdots$ का योगफल इस समान है:

1. $e$
2. $\frac{e}{2}$
3. $\frac{3e}{2}$
4. $1 + \frac{e}{2}$

**24.** The sum of the series $\frac{1}{1!} + \frac{1+2}{2!} + \frac{1+2+3}{3!} + \cdots$ equals

1. $e$
2. $\frac{e}{2}$
3. $\frac{3e}{2}$
4. $1 + \frac{e}{2}$

**25.** $\mathbb{R}^n$ के निम्न उपसमुच्चयों में से कौन-सा संहत है? ($\mathbb{R}^n$ की सामान्य सांस्थितिकी के संदर्भ में)

1. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n): |x_i| < 1, 1 \leq i \leq n\}$
2. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n): x_1 + x_2 + \cdots + x_n = 0\}$
3. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n): x_i \geq 0,\ 1 \leq i \leq n\}$
4. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n):\ 1 \leq x_i \leq 2^i,\ 1 \leq i \leq n\}$

**25.** Which of the following subsets of $\mathbb{R}^n$ is compact (with respect to the usual topology of $\mathbb{R}^n$)?

1. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n): |x_i| < 1, 1 \leq i \leq n\}$
2. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n): x_1 + x_2 + \cdots + x_n = 0\}$
3. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n): x_i \geq 0,\ 1 \leq i \leq n\}$
4. $\{(x_1, x_2, \dots, x_n):\ 1 \leq x_i \leq 2^i,\ 1 \leq i \leq n\}$

**26.** वास्तविक गुणांकों वाले विषम घात के एक बहुपद का होना चाहिए

1. कम-से-कम एक वास्तविक मूल।
2. कोई वास्तविक मूल नहीं।

3. केवल वास्तविक मूल।
4. कम-से-कम एक मूल जो वास्तविक नहीं है।

**26.** A polynomial of odd degree with real coefficients must have
1. at least one real root.
2. no real root.
3. only real roots.
4. at least one root which is not real.

**27.** मानें कि $A, B$ $n \times n$ आव्यूह हैं। निम्न में से कौन-सा $(A^2B^2)$ के अनुरेख के समान है?
1. $(\text{trace}(AB))^2$
2. $\text{trace}(AB^2A)$
3. $\text{trace}((AB)^2)$
4. $\text{trace}(BABA)$

**27.** Let $A, B$ be $n \times n$ matrices. Which of the following equals $\text{trace}(A^2B^2)$?
1. $(\text{trace}(AB))^2$
2. $\text{trace}(AB^2A)$
3. $\text{trace}((AB)^2)$
4. $\text{trace}(BABA)$

**28.** मानें कि $A$, वास्तविक प्रविष्टियों वाला जाति $n$ का $m \times n$ आव्यूह है। सही कथन को चुनें:
1. किसी भी $b$ के लिए $Ax = b$ का एक हल है।
2. $Ax = 0$ का कोई हल नहीं है।
3. यदि $Ax = b$ का एक हल हैं, तो वह अद्वितीय है।
4. $y'A = 0$ किसी शून्येतर $y$ के लिए, जहां $y'$, सदिश $y$ के परिवर्त को निर्दिष्ट करता है।

**28.** Let $A$ be an $m \times n$ matrix of rank $n$ with real entries. Choose the correct statement.
1. $Ax = b$ has a solution for any $b$.
2. $Ax = 0$ does not have a solution.
3. If $Ax = b$ has a solution, then it is unique.
4. $y'A = 0$ for some nonzero $y$, where $y'$ denotes the transpose of the vector $y$.

**29.** $20 \times 50$ आव्यूह $A$ की पंक्ति समष्टि की विमा 13 है। $Ax = 0$ के हलों की समष्टि की विमा क्या है?
1. 7
2. 13
3. 33
4. 37

**29.** The row space of a $20 \times 50$ matrix $A$ has dimension 13. What is the dimension of the space of solutions of $Ax = 0$?
1. 7
2. 13
3. 33
4. 37

**30.** मानें कि $T$ एक $4 \times 4$ वास्तविक आव्यूह है ताकि $T^4 = 0$ है। मानें कि $1 \le i \le 4$ के लिए $k_i := \dim Ker\, T^i$ है। अनुक्रम $k_1 \le k_2 \le k_3 \le k_4$ के लिए निम्न में से कौन-सी एक संभावना नहीं है?
1. $3 \le 4 \le 4 \le 4$.
2. $1 \le 3 \le 4 \le 4$.
3. $2 \le 4 \le 4 \le 4$.
4. $2 \le 3 \le 4 \le 4$.

**30.** Let $T$ be a $4 \times 4$ real matrix such that $T^4 = 0$. Let $k_i := \dim Ker\, T^i$ for $1 \le i \le 4$. Which of the following is NOT a possibility for the sequence $k_1 \le k_2 \le k_3 \le k_4$?
1. $3 \le 4 \le 4 \le 4$.
2. $1 \le 3 \le 4 \le 4$.
3. $2 \le 4 \le 4 \le 4$.
4. $2 \le 3 \le 4 \le 4$.

**31.** एक $4 \times 4$ वास्तविक आव्यूह A के दिये जाने पर, मानें कि $T: \mathbb{R}^4 \to \mathbb{R}^4$, $Tv = Av$, से परिभाषित एक रैखिक रूपांतरण है, जहां हम $\mathbb{R}^4$ को $4 \times 1$ वास्तविक आव्यूहों का समुच्चय मानते हैं। $A$ के लिए निम्न दिये गये विकल्पों में किसके लिए Image($T$) तथा Image($T^2$) की विमायें क्रमशः 2 तथा 1 हैं? ($*$ एक शून्येतर प्रविष्टि को निर्दिष्ट करता है)

1. $A=\begin{bmatrix}0&0&*&*\\0&0&*&*\\0&0&0&*\\0&0&0&0\end{bmatrix}$
2. $A=\begin{bmatrix}0&0&*&0\\0&0&*&0\\0&0&0&*\\0&0&0&*\end{bmatrix}$
3. $A=\begin{bmatrix}0&0&0&0\\0&0&0&0\\0&0&0&*\\0&0&*&0\end{bmatrix}$
4. $A=\begin{bmatrix}0&0&0&0\\0&0&0&0\\0&0&*&*\\0&0&*&*\end{bmatrix}$

**31.** Given a $4 \times 4$ real matrix A, let $T: \mathbb{R}^4 \to \mathbb{R}^4$ be the linear transformation defined by $Tv = Av$, where we think of $\mathbb{R}^4$ as the set of real $4 \times 1$ matrices. For which choices of $A$ given below, do Image($T$) and Image($T^2$) have respective dimensions 2 and 1? ($*$ denotes a nonzero entry)

1. $A=\begin{bmatrix}0&0&*&*\\0&0&*&*\\0&0&0&*\\0&0&0&0\end{bmatrix}$
2. $A=\begin{bmatrix}0&0&*&0\\0&0&*&0\\0&0&0&*\\0&0&0&*\end{bmatrix}$

3. $A = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 & * \\ 0 & 0 & * & 0 \end{bmatrix}$  4. $A = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & * & * \\ 0 & 0 & * & * \end{bmatrix}$

**32.** निम्न में से कौन-सा $\mathbb{R}^3$ से $\mathbb{R}^2$ तक का एक रैखिक रूपांतरण है?

a. $f\begin{pmatrix} x \\ y \\ z \end{pmatrix} = \begin{pmatrix} 4 \\ x+y \end{pmatrix}$  b. $g\begin{pmatrix} x \\ y \\ z \end{pmatrix} = \begin{pmatrix} xy \\ x+y \end{pmatrix}$

c. $h\begin{pmatrix} x \\ y \\ z \end{pmatrix} = \begin{pmatrix} z-x \\ x+y \end{pmatrix}$

1. मात्र $f$
2. मात्र $g$
3. मात्र $h$
4. सभी रूपांतरण $f, g$ तथा $h$

**32.** Which of the following is a linear transformation from $\mathbb{R}^3$ to $\mathbb{R}^2$?

a. $f\begin{pmatrix} x \\ y \\ z \end{pmatrix} = \begin{pmatrix} 4 \\ x+y \end{pmatrix}$

b. $g\begin{pmatrix} x \\ y \\ z \end{pmatrix} = \begin{pmatrix} xy \\ x+y \end{pmatrix}$

c. $h\begin{pmatrix} x \\ y \\ z \end{pmatrix} = \begin{pmatrix} z-x \\ x+y \end{pmatrix}$

1. only $f$.
2. only $g$.
3. only $h$.
4. all the transformations $f, g$ and $h$.

## UNIT - 2

**33.** मानें कि $\mathbb{C}$ पर $f$ एक वास्तवकि मूल्यवाला प्रसंवादी फलन है, अर्थात्, $f$ समीकरण $\frac{\partial^2 f}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 f}{\partial y^2} = 0$ का समाधान करता है। फलनों

$$g = \frac{\partial f}{\partial x} - i\frac{\partial f}{\partial y}$$
$$h = \frac{\partial f}{\partial x} + i\frac{\partial f}{\partial y}$$

को परिभाषित करें। तो

1. $g$ तथा $h$, दोनों होलोमार्फिक फलन हैं।
2. $g$ होलोमार्फिक है, परंतु $h$ के होलोमार्फिक होने की आवश्यकता नहीं है।
3. $h$ होलोमार्फिक है, परंतु $g$ के होलोमार्फिक होने की आवश्यकता नहीं है।
4. दोनों $g$ तथा $h$ शून्य फलन के सर्वथासम हैं।

**33.** Let $f$ be a real valued harmonic function on $\mathbb{C}$, that is, $f$ satisfies the equation $\frac{\partial^2 f}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 f}{\partial y^2} = 0$. Define the functions

$$g = \frac{\partial f}{\partial x} - i\frac{\partial f}{\partial y}$$
$$h = \frac{\partial f}{\partial x} + i\frac{\partial f}{\partial y}$$

Then

1. $g$ and $h$ are both holomorphic functions.
2. $g$ is holomorphic, but $h$ need not be holomorphic.
3. $h$ is holomorphic, but $g$ need not be holomorphic.
4. both $g$ and $h$ are identically equal to the zero function.

**34.**

$$\int_{|z+1|=2} \frac{z^2}{4-z^2}\,dz =$$

1. 0.  2. $-2\pi i$.
3. $2\pi i$.  4. 1.

**34.**

$$\int_{|z+1|=2} \frac{z^2}{4-z^2}\,dz =$$

1. 0.  2. $-2\pi i$.
3. $2\pi i$.  4. 1.

**35.** मानें कि $D$ टूपिल्स् $(w_1, \ldots, w_{10})$ का एक समुच्चय है, जहां $w_i \epsilon \{1,2,3\}$, $1 \leq i \leq 10$ तथा $w_i + w_{i+1}$ हर $i, 1 \leq i \leq 9$ के लिए एक सम संख्या है। तो $D$ में अवयवों की संख्या है

1. $2^{11} + 1$.
2. $2^{10} + 1$.
3. $3^{10} + 1$.
4. $3^{11} + 1$.

**35.** Let $D$ be the set of tuples $(w_1, \ldots, w_{10})$, where $w_i \epsilon \{1,2,3\}$, $1 \leq i \leq 10$ and $w_i + w_{i+1}$ is an even number for each $i$ with $1 \leq i \leq 9$.
Then the number of elements in $D$ is

1. $2^{11} + 1$.
2. $2^{10} + 1$.
3. $3^{10} + 1$.
4. $3^{11} + 1$.

**36.** समुच्चय $\{z \in \mathbb{C} \mid z^{60} = -1,\ z^k \neq -1$ सभी $0 < k < 60$ के लिए$\}$ के कितने अवयव हैं?

1. 24.
2. 30.
3. 32.
4. 45.

**36.** How many elements does the set $\{z \in \mathbb{C} \mid z^{60} = -1,\ z^k \neq -1 \text{ for } 0 < k < 60\}$ have?

1. 24.
2. 30.
3. 32.
4. 45.

**37.** तुल्याकारिता तक, कोटि 108 के आबेली समूहों की संख्या है:

1. 12.
2. 9.
3. 6.
4. 5.

**37.** Up to isomorphism, the number of abelian groups of order 108 is:

1. 12.
2. 9.
3. 6.
4. 5.

**38.** मानें कि $R$, वलय $\mathbb{Z}[x]/((x^2 + x + 1)(x^3 + x + 1))$ है तथा $R$ में 2 से जनित गुणजावली $I$ है। वलय $R$ की गणनसांख्यिकी क्या है?

1. 27.
2. 32.
3. 64.
4. अनंत

**38.** Let $R$ be the ring $\mathbb{Z}[x]/((x^2 + x + 1)(x^3 + x + 1))$ and $I$ be the ideal generated by 2 in $R$. What is the cardinality of the ring $R$?

1. 27.
2. 32.
3. 64.
4. Infinite.

**39.** गणनसांख्यिकी $2^{100}$ युक्त एक क्षेत्र के उपक्षेत्रों की संख्या है:

1. 2.
2. 4.
3. 9.
4. 100.

**39.** The number of subfields of a field of cardinality $2^{100}$ is

1. 2.
2. 4.
3. 9.
4. 100.

**40.** मानें कि, हर $n \geq 1$ के लिए, $\mathbb{R}^2$ पर $C_n$ एक विवृत चक्रिका है, जिसका केन्द्र बिन्दु $(n, 0)$ तथा त्रिज्या $n$ के समान है। तो

$$C = \bigcup_{n \geq 1} C_n$$

का अर्थ है

1. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0$ तथा $|y| < x\}$.
2. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0$ तथा $|y| < 2x\}$.
3. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0$ तथा $|y| < 3x\}$.
4. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0\}$.

**40.** Let, for each $n \geq 1$, $C_n$ be the open disc in $\mathbb{R}^2$, with centre at the point $(n, 0)$ and radius equal to $n$. Then

$$C = \bigcup_{n \geq 1} C_n \text{ is}$$

1. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0 \text{ and } |y| < x\}$.
2. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0 \text{ and } |y| < 2x\}$.
3. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0 \text{ and } |y| < 3x\}$.
4. $\{(x,y) \epsilon \mathbb{R}^2 : x > 0\}$.

## UNIT - 3

**41.** मानें कि $a, b \in \mathbb{R}$ ताकि $a^2 + b^2 \neq 0$. तो कौशी समस्या

$$a \frac{\partial u}{\partial x} + b \frac{\partial u}{\partial y} = 1;\ x, y \in \mathbb{R}$$

$u(x,y) = x,\ ax + by = 1$ पर, का

1. एक से अधिक हल हैं यदि a या b शून्य है।
2. कोई हल नहीं है।
3. एक अद्‌वितीय हल है।
4. अनंततः कई हल हैं।

41. Let $a, b \in \mathbb{R}$ be such that $a^2 + b^2 \neq 0$. Then the Cauchy problem
$a\frac{\partial u}{\partial x} + b\frac{\partial u}{\partial y} = 1;\ x, y \in \mathbb{R}$
$u(x, y) = x$ on $ax + by = 1$

1. has more than one solution if either a or b is zero
2. has no solution
3. has a unique solution
4. has infinitely many solutions

42. मानें कि $f: \mathbb{R} \to \mathbb{R}$, $f(x) = a_0 + a_1x + a_2x^2$ रूपी एक बहुपद है, $a_0, a_1, a_2 \in \mathbb{R}$ तथा $a_2 \neq 0$ । यदि
$E_1 = \int_{-1}^{1} f(x)dx - [f(-1) + f(1)]$,
$E_2 = \int_{-1}^{1} f(x)dx - \frac{1}{2}(f(-1) + 2f(0) + f(1))$ हैं,
तथा $|x|, x \in \mathbb{R}$ का निरपेक्ष मान है तो

1. $|E_1| < |E_2|$
2. $|E_1| = 2|E_2|$
3. $|E_1| = 4|E_2|$
4. $|E_1| = 8|E_2|$

42. Let $f: \mathbb{R} \to \mathbb{R}$ be a polynomial of the form $f(x) = a_0 + a_1x + a_2x^2$ with $a_0, a_1, a_2 \in \mathbb{R}$ and $a_2 \neq 0$. If
$E_1 = \int_{-1}^{1} f(x)dx - [f(-1) + f(1)]$,
$E_2 = \int_{-1}^{1} f(x)dx - \frac{1}{2}(f(-1) + 2f(0) + f(1))$
and $|x|$ is the absolute value of $x \in \mathbb{R}$, then
1. $|E_1| < |E_2|$
2. $|E_1| = 2|E_2|$
3. $|E_1| = 4|E_2|$
4. $|E_1| = 8|E_2|$

43. समाकल समीकरण $y(x) = \lambda \int_0^1 (3x - 2)t\, y(t)dt$, एक प्राचल $\lambda$ के साथ की
1. केवल एक अभिलक्षणिक संख्या है।
2. दो अभिलक्षणिक संख्यायें हैं।
3. दो से अधिक अभिलक्षणिक संख्यायें हैं।
4. कोई अभिलक्षणिक संख्या नहीं है।

43. The integral equation
$y(x) = \lambda \int_0^1 (3x - 2)t\, y(t)dt$, with $\lambda$ as a parameter, has
1. only one characteristic number
2. two characteristic numbers
3. more than two characteristic numbers
4. no characteristic number

44. मानें कि प्रारंभिक मान समस्या
$y' + 2y = f(x),\quad y(0) = 0$, जहां
$f(x) = \begin{cases} 1, & 0 \leq x \leq 1 \\ 0, & x > 1 \end{cases}$
का एक संतत हल $y(x)$ है।
तो $y\left(\frac{3}{2}\right)$ इसके समान है:

1. $\frac{\sinh(1)}{e^3}$
2. $\frac{\cosh(1)}{e^3}$
3. $\frac{\sinh(1)}{e^2}$
4. $\frac{\cosh(1)}{e^2}$

44. Let $y(x)$ be a continuous solution of the initial value problem
$y' + 2y = f(x),\quad y(0) = 0$,
where $f(x) = \begin{cases} 1, & 0 \leq x \leq 1 \\ 0, & x > 1 \end{cases}$
Then $y\left(\frac{3}{2}\right)$ is equal to

1. $\frac{\sinh(1)}{e^3}$
2. $\frac{\cosh(1)}{e^3}$
3. $\frac{\sinh(1)}{e^2}$
4. $\frac{\cosh(1)}{e^2}$

45. दो भारहीन अवितान्य छड़ों AB तथा BC पर विचारें, जो A पर से टंगे हैं तथा B पर एक नम्य जोड़ से जुड़े हैं। तो निकाय की स्वातंत्र्य कोटि क्या है?
1. 3
2. 4
3. 5
4. 6

45. Consider two weightless, inextensible rods AB and BC, suspended at A and joined by a flexible joint at B. Then the degrees of freedom of the system is
1. 3
2. 4
3. 5
4. 6

46. ODE
$(xy' - y)^2 = x^2(x^2 - y^2)$ का विचित्र समाकल है:
1. $y = x\sin x$
2. $y = x\sin(x + \frac{\pi}{4})$
3. $y = x$
4. $y = x + \frac{\pi}{4}$

46. The singular integral of the ODE
$(xy' - y)^2 = x^2(x^2 - y^2)$ is
1. $y = x\sin x$
2. $y = x\sin(x + \frac{\pi}{4})$

3. $y = x$
4. $y = x + \frac{\pi}{4}$

**47.** प्रारंभिक मान समस्या
$\frac{\partial u}{\partial x} + 2\frac{\partial u}{\partial y} = 0, \quad u(0,y) = 4e^{-2y}$
पर विचारें। तो $u(1,1)$ का मान है:
1. $4e^{-2}$
2. $4e^{2}$
3. $2e^{-4}$
4. $4e^{4}$

**47.** Consider the initial value problem
$\frac{\partial u}{\partial x} + 2\frac{\partial u}{\partial y} = 0, \quad u(0,y) = 4e^{-2y}$.
Then the value of $u(1,1)$ is
1. $4e^{-2}$
2. $4e^{2}$
3. $2e^{-4}$
4. $4e^{4}$

**48.** प्रारंभिक मान समस्या $y' = 2\sqrt{y},\ y(0) = a$
1. का एक अद्वितीय हल है यदि $a < 0$
2. का कोई हल नहीं है यदि $a > 0$
3. के अनंततः कई हल हैं यदि $a = 0$
4. का एक अद्वितीय हल है यदि $a \geq 0$

**48.** The initial value problem $y' = 2\sqrt{y},\ y(0) = a$, has
1. a unique solution if $a < 0$
2. no solution if $a > 0$
3. infinitely many solutions if $a = 0$
4. a unique solution if $a \geq 0$

## UNIT - 4

**49.** 6 छिद्रों में दस गेंद यादृच्छिकतः डाले जाते हैं। तो दो अग्रांत छिद्रों पर गेंदों की कुल प्रत्याशित संख्या है:
1. 10/6.
2. 10/3.
3. 1/6.
4. 6/10.

**49.** Ten balls are put in 6 slots at random. Then the expected total number of balls in the two extreme slots is
1. 10/6.
2. 10/3.
3. 1/6.
4. 6/10.

**50.** मानें कि $X, Y$ स्वतंत्र यादृच्छिक चर हैं तथा $Z = \frac{X-Y}{2} + 3$ है। यदि $X$ का अभिलक्षणिक फलन $\varphi$ है तथा $Y$ का अभिलक्षणिक फलन $\psi$ है, तो $Z$ का अभिलक्षणिक फलन $\theta$ है, जहां
1. $\theta(t) = e^{-i3t}\varphi(2t)\psi(-2t)$.
2. $\theta(t) = e^{i3t}\varphi\left(\frac{t}{2}\right)\psi\left(-\frac{t}{2}\right)$.
3. $\theta(t) = e^{-i3t}\varphi\left(\frac{t}{2}\right)\psi\left(\frac{t}{2}\right)$.
4. $\theta(t) = e^{-i3t}\varphi\left(\frac{t}{2}\right)\psi\left(\frac{-t}{2}\right)$.

**50.** Let $X, Y$ be independent random variables and let $Z = \frac{X-Y}{2} + 3$. If $X$ has characteristic function $\varphi$ and $Y$ has characteristic function $\psi$, then $Z$ has characteristic function $\theta$ where
1. $\theta(t) = e^{-i3t}\varphi(2t)\psi(-2t)$.
2. $\theta(t) = e^{i3t}\varphi\left(\frac{t}{2}\right)\psi\left(-\frac{t}{2}\right)$.
3. $\theta(t) = e^{-i3t}\varphi\left(\frac{t}{2}\right)\psi\left(\frac{t}{2}\right)$.
4. $\theta(t) = e^{-i3t}\varphi\left(\frac{t}{2}\right)\psi\left(\frac{-t}{2}\right)$.

**51.** मानें कि $X_n, X$ यचादृच्छिक चर हैं तथा $X_n$ बंटन में $X$ पर तथा $(-1)^n X_n$ भी बंटन में $X$ पर अभिसरित होते हैं। तो
1. $X$ का एक सममित बंटन होना चाहिए।
2. $X$ को शून्य होना चाहिए।
3. $X$ का कुछ घनत्व होना चाहिए।
4. $X^2$ को अचर होना चाहिए।

**51.** Suppose $X_n, X$ are random variables such that $X_n$ converges in distribution to $X$ and $(-1)^n X_n$ also converges in distribution to $X$. Then
1. $X$ must have a symmetric distribution.
2. $X$ must be 0.
3. $X$ must have a density.
4. $X^2$ must be a constant.

**52.** $\{N(t): t \geq 0\}$ एक प्वासों प्रक्रिया है, गति $\lambda > 0$ युक्त। मानें कि $X_n = N(n), n = 0,1,2,\cdots$। निम्न में से कौन सा सही है?
1. $\{X_n\}$ एक क्षणिक मॉर्कोव श्रृंखला है।
2. $\{X_n\}$ एक पुनरावर्ती मार्कोव श्रृंखला है, परंतु उसका कोई स्तब्ध बंटन नहीं है।

3. $\{X_n\}$ का एक स्तब्ध बंटन है।
4. $\{X_n\}$ एक अलघुकरणीय मार्कोव श्रृंखला है।

**52.** $\{N(t): t \geq 0\}$ is a Poisson process with rate $\lambda > 0$. Let $X_n = N(n)$, $n = 0,1,2,\cdots$ Which of the following is correct?

1. $\{X_n\}$ is a transient Markov chain.
2. $\{X_n\}$ is a recurrent Markov chain, but has no stationary distribution.
3. $\{X_n\}$ has a stationary distribution.
4. $\{X_n\}$ is an irreducible Markov chain.

**53.** मानें कि कुछ $n \geq 1$ तथा $0 < p < 1$ के लिए $X\sim$ द्विपद $(n,p)$ है तथा $Y\sim$ प्वासों $(\lambda)$, कुछ $\lambda > 0$ के लिए। मानें कि $E[X] = E[Y]$ । तो

1. $Var(X) = Var(Y)$
2. $Var(X) < Var(Y)$
3. $Var(Y) < Var(X)$
4. $n, p$ तथा $\lambda$ के मानों पर निर्भर, $Var(X)$, $Var(Y)$ से अधिक या कम हो सकता है।

**53.** Assume that $X\sim$ Binomial $(n,p)$ for some $n \geq 1$ and $0 < p < 1$ and $Y\sim$ Poisson $(\lambda)$ for some $\lambda > 0$. Suppose $E[X] = E[Y]$. Then

1. $Var(X) = Var(Y)$
2. $Var(X) < Var(Y)$
3. $Var(Y) < Var(X)$
4. $Var(X)$ may be larger or smaller than $Var(Y)$ depending on the values of $n, p$ and $\lambda$.

**54.** मानें कि $X_1, X_2, \cdots, X_7$ $N(\mu, \sigma^2)$ से निकाला गया एक यादृच्छिक प्रतिदर्श है, जहां $\mu$ तथा $\sigma^2$ अज्ञात हैं। $H_0: \mu = 2$ बनाम $H_1: \mu > 2$ परीक्षण समस्या के बारे में विचारें । माने कि $x_1, x_2, \cdots, x_7$ के प्रेक्षित मान 1.2, 1.3, 1.7, 1.8, 2.1, 2.3, 2.7 हैं। यदि हम एकसमानतः शक्ततम परीक्षण का उपयोग करें, तो निम्न में से कौन सा सही है?

1. 5% तथा 1% दोनों सार्थकता स्तरों पर $H_0$ स्वीकार किया जाता है।
2. 5% तथा 1% दोनों सार्थकता स्तरों पर $H_0$ अस्वीकार किया जाता है।
3. 5% सार्थकता स्तर पर $H_0$ अस्वीकार किया जाता है, परंतु 1% सार्थकता स्तर पर स्वीकार किया जाता है।
4. 1% सार्थकता स्तर पर $H_0$ अस्वीकार किया जाता है, परंतु 5% सार्थकता स्तर पर स्वीकार किया जाता है।

**54.** Let $X_1, X_2, \cdots, X_7$ be a random sample from $N(\mu, \sigma^2)$ where $\mu$ and $\sigma^2$ are unknown. Consider the problem of testing $H_0: \mu = 2$ against $H_1: \mu > 2$. Suppose the observed values of $x_1, x_2, \cdots, x_7$ are 1.2, 1.3, 1.7, 1.8, 2.1, 2.3, 2.7. If we use the Uniformly Most Powerful test, which of the following is true?

1. $H_0$ is accepted both at 5% and 1% levels of significance.
2. $H_0$ is rejected both at 5% and 1% levels of significance.
3. $H_0$ is rejected at 5% level of significance, but accepted at 1% level of significance.
4. $H_0$ is rejected at 1% level of significance, but accepted at 5% level of significance.

**55.** मानें कि $X_i \,|\, \theta_i \sim N(\theta_i, \sigma^2), i = 1,2$ स्वतंत्रतः बंटित हैं। पूर्व बंटन के अंदर $\theta_1$ तथा $\theta_2$ स्वतंत्रतः सर्वथासमानतः बंटित $N(\mu, \tau^2)$ हैं, जहां $\sigma^2, \mu$ तथा $\tau^2$ ज्ञात है। तो निम्न में से कौन-सा, $X_1$ तथा $X_2$ के उपांत बंटन बारे में सही हैं?

1. $X_1$ तथा $X_2$ स्वतंत्रतः एवं सर्वथासमानतः $N(\mu, \tau^2 + \sigma^2)$ बंटित हैं।
2. $X_1$ तथा $X_2$ प्रसामन्यतः बंटित नहीं हैं।
3. $X_1$ तथा $X_2$, $N(\mu, \tau^2 + \sigma^2)$ हैं परंतु वे स्वतंत्र नहीं हैं।
4. $X_1$ तथा $X_2$ प्रसामन्यतः बंटित हैं परंतु सर्वथासमानतः बंटित नहीं हैं।

**55.** Suppose $X_i \,|\, \theta_i \sim N(\theta_i, \sigma^2), i = 1,2$ are independently distributed. Under the prior distribution, $\theta_1$ and $\theta_2$ are i.i.d $N(\mu, \tau^2)$, where $\sigma^2, \mu$ and $\tau^2$ are known. Then which of the following is true about the marginal distributions of $X_1$ and $X_2$?

1. $X_1$ and $X_2$ are i.i.d $N(\mu, \tau^2 + \sigma^2)$.
2. $X_1$ and $X_2$ are not normally distributed.
3. $X_1$ and $X_2$ are $N(\mu, \tau^2 + \sigma^2)$ but they are not independent.
4. $X_1$ and $X_2$ are normally distributed but are not identically distributed.

**56.** निदर्श $Y_i = i\beta + \epsilon_i, i = 1,2,3,$ जहां $\varepsilon_1, \varepsilon_2, \varepsilon_3$ क्रमश: माध्य 0 तथा प्रसरण $\sigma^2, 2\sigma^2, 3\sigma^2$ के साथ स्वतंत्रत: बंटित हैं, पर विचारें। निम्न में से कौन-सा $\beta$ का श्रेष्ठतम रैखिक अनभिनत आकल है ?

1. $\frac{y_1+2y_2+3y_3}{6}$.
2. $\frac{6}{11}\left(y_1 + \frac{y_2}{2} + \frac{y_3}{3}\right)$.
3. $\frac{y_1+y_2+y_3}{6}$.
4. $\frac{3y_1+2y_2+y_3}{10}$ .

**56.** Consider the model $Y_i = i\beta + \epsilon_i, i = 1,2,3$ where $\varepsilon_1, \varepsilon_2, \varepsilon_3$ are independent with mean 0 and variance $\sigma^2, 2\sigma^2, 3\sigma^2$ respectively. Which of the following is the best linear unbiased estimate of $\beta$?

1. $\frac{y_1+2y_2+3y_3}{6}$.
2. $\frac{6}{11}\left(y_1 + \frac{y_2}{2} + \frac{y_3}{3}\right)$.
3. $\frac{y_1+y_2+y_3}{6}$.
4. $\frac{3y_1+2y_2+y_3}{10}$ .

**57.** मानें कि $Y = (Y_1, \cdots, Y_n)'$ बहुचर प्रसामान्य बंटन $N_n(0, I)$ रखते हैं।

$$\sum_{i=1}^{n} Y_i$$

के दिये जाने पर Y के सप्रतिबंध बंटन का सहप्रसरण आव्यूह निम्न में से कौन-सा है?(**1** $n \times 1$ सदिश को निर्दिष्ट करता है, जिसके सभी अवयव 1 हैं)

1. $I$.
2. $I + \frac{\mathbf{11}'}{n}$.
3. $I - \frac{\mathbf{11}'}{n}$.
4. $\frac{\mathbf{11}'}{n}$ .

**57.** Let $Y = (Y_1, \cdots, Y_n)'$ have the multivariate normal distribution $N_n(0, I)$. Which of the following is the covariance matrix of the conditional distribution of Y given

$$\sum_{i=1}^{n} Y_i?$$

(**1** denotes the $n \times 1$ vector with all elements 1.)

1. $I$.
2. $I + \frac{\mathbf{11}'}{n}$.
3. $I - \frac{\mathbf{11}'}{n}$.
4. $\frac{\mathbf{11}'}{n}$.

**58.** मानें कि $k$ स्तरियां हैं, हर एक $N = kM$ ईकाइयों के साथ, आमाप $M$ का। $i^{th}$ स्तरी से अमाप $n_i$ का एक प्रतिदर्श निकालें, प्रतिस्थापन के साथ तथा $i$वीं $(i = 1,2, \cdots, k)$ स्तरी से चुने गये प्रतिदर्श के अध्ययन चर के माध्य को $\bar{y}_i$ से निर्दिष्ट करें। परिभाषित करें कि

$\bar{y}_s = \frac{1}{k}\sum_{i=1}^{k} \bar{y}_i$ तथा $\bar{y}_w = \frac{\sum_{i=1}^{k} n_i \bar{y}_i}{n}$ हैं।

निम्न में से कौन-सा आवश्यकत: सही है?

1. समष्टि माध्य के लिए $\bar{y}_s$ अनभिनत है परंतु $\bar{y}_w$ अनभिनत नहीं है।
2. समष्टि माध्य के लिए $\bar{y}_s$ अनभिनत नहीं है परंतु $\bar{y}_w$ अनभिनत है।
3. $\bar{y}_s$ तथा $\bar{y}_w$, दोनों समष्टि माध्य के लिए अनभिनत है।
4. समष्टि माध्य के लिए $\bar{y}_s$ या $\bar{y}_w$, दोनों में से कोई भी अनभिनत नहीं है।

**58.** Suppose there are $k$ strata of $N = kM$ units each with size $M$. Draw a sample of size $n_i$ with replacement from the $i^{th}$ stratum and denote by $\bar{y}_i$ the sample mean of the study variable selected in the $i^{th}$ stratum, $i = 1,2, \cdots, k$. Define

$\bar{y}_s = \frac{1}{k}\sum_{i=1}^{k} \bar{y}_i$ and $\bar{y}_w = \frac{\sum_{i=1}^{k} n_i \bar{y}_i}{n}$.

Which of the following is necessarily true?

1. $\bar{y}_s$ is unbiased but $\bar{y}_w$ is not unbiased for the population mean.
2. $\bar{y}_s$ is not unbiased but $\bar{y}_w$ is unbiased for the population mean.

3. Both $\bar{y}_s$ and $\bar{y}_w$ are unbiased for the population mean.
4. Neither $\bar{y}_s$ nor $\bar{y}_w$ is unbiased for the population mean.

**59.** प्राचल $(b, k, v, r, \lambda)$ युक्त संतुलित अपूर्ण खण्ड अभिकल्प (BIBD) के बारे में विचारें । BIBD के संभावित प्राचल निम्न में से कौन-से नहीं हो सकते?

1. $(b-1, k-\lambda, b-k, k, \lambda)$.
2. $(b, v-k, v, b-r, b-2r+\lambda)$.
3. $\left(\frac{v(v-1)}{2}, 2, v, v-1, 1\right)$.
4. $(k, b, r, v, \lambda - 1)$.

**59.** Consider a Balanced Incomplete Block Design (BIBD) with parameters $(b, k, v, r, \lambda)$. Which of the following cannot possibly be the parameters of a BIBD?

1. $(b-1, k-\lambda, b-k, k, \lambda)$.
2. $(b, v-k, v, b-r, b-2r+\lambda)$.
3. $\left(\frac{v(v-1)}{2}, 2, v, v-1, 1\right)$.
4. $(k, b, r, v, \lambda - 1)$.

**60.** मानें कि $X_1, X_2, \cdots, X_n$ स्वतंत्रत: तथा सर्वथासमानत: बंटित यादृच्छिक चर हैं जिनका माध्य $\frac{1}{\lambda}$ के साथ एक चरघातांकी बंटन है
मानें कि $S_n = X_1 + X_2 + \cdots + X_n$ तथा $N = \inf\{n \geq 1 : S_n > 1\}$ हैं। तो $Var(N)$ इस समान है:

1. 1.
2. $\lambda$.
3. $\lambda^2$.
4. $\infty$.

**60.** Let $X_1, X_2, \cdots, X_n$ be independent and identically distributed random variables having an exponential distribution with mean $\frac{1}{\lambda}$.
Let $S_n = X_1 + X_2 + \cdots + X_n$ and $N = \inf\{n \geq 1 : S_n > 1\}$. Then $Var(N)$ equals

1. 1.
2. $\lambda$.
3. $\lambda^2$.
4. $\infty$.

# *भाग* \PART 'C'

## UNIT - 1

**61.** $n \geq 1$ के लिए, मानें कि
$g_n(x) = \sin^2\left(x + \frac{1}{n}\right), x \epsilon [0, \infty)$
तथा $f_n(x) = \int_0^x g_n(t)dt$ हैं। तो

1. $[0, \infty)$ पर बिन्दुवत एक फलन $f$ तक $\{f_n\}$ अभिसारित होता है, परंतु $[0, \infty)$ पर एकसमानत: अभिसारित नहीं होता।
2. $[0, \infty)$ पर बिन्दुवत किसी भी फलन तक $\{f_n\}$ अभिसारित नहीं होता।
3. $[0,1]$ पर $\{f_n\}$ एकसमानत: अभिसारित होता है।
4. $[0, \infty)$ पर $\{f_n\}$ एकसमानत: अभिसारित होता है।

**61.** For $n \geq 1$, let
$g_n(x) = \sin^2\left(x + \frac{1}{n}\right), x \epsilon [0, \infty)$
and $f_n(x) = \int_0^x g_n(t)dt$. Then

1. $\{f_n\}$ converges pointwise to a function $f$ on $[0, \infty)$, but does not converge uniformly on $[0, \infty)$.
2. $\{f_n\}$ does not converge pointwise to any function on $[0, \infty)$.
3. $\{f_n\}$ converges uniformly on $[0,1]$.
4. $\{f_n\}$ converges uniformly on $[0, \infty)$.

**62.** मानें कि $a$ एक धन वास्तविक संख्या है। निम्न समाकलों में से कौन सा अभिसारी है?

1. $\int_0^a \frac{1}{x^4} dx$.
2. $\int_0^a \frac{1}{\sqrt{x}} dx$.
3. $\int_4^\infty \frac{1}{x \log_e x} dx$.
4. $\int_5^\infty \frac{1}{x(\log_e x)^2} dx$.

**62.** Let $a$ be a positive real number. Which of the following integrals are convergent?

1. $\int_0^a \frac{1}{x^4} dx$.
2. $\int_0^a \frac{1}{\sqrt{x}} dx$.
3. $\int_4^\infty \frac{1}{x \log_e x} dx$.
4. $\int_5^\infty \frac{1}{x(\log_e x)^2} dx$.

63. $\mathbb{R}^2$ में निम्न समुच्चयों में से किसका धन लेबेग माप है? [दो समुच्चयों $A, B \subseteq \mathbb{R}^2$ के लिए, $A + B = \{a + b \mid a \epsilon A, b \epsilon B\}$]
1. $S = \{(x, y) \mid x^2 + y^2 = 1\}$
2. $S = \{(x, y) \mid x^2 + y^2 < 1\}$
3. $S = \{(x, y) | x = y\} + \{(x, y) \mid x = -y\}$
4. $S = \{(x, y) | x = y\} + \{(x, y) \mid x = y\}$

63. Which of the following sets in $\mathbb{R}^2$ have positive Lebesgue measure?
$\begin{bmatrix} \text{For two sets } A, B \subseteq \mathbb{R}^2, A + B \\ = \{a + b \mid a \epsilon A, b \epsilon B\} \end{bmatrix}$
1. $S = \{(x, y) \mid x^2 + y^2 = 1\}$
2. $S = \{(x, y) \mid x^2 + y^2 < 1\}$
3. $S = \{(x, y) | x = y\} + \{(x, y) \mid x = -y\}$
4. $S = \{(x, y) | x = y\} + \{(x, y) \mid x = y\}$

64. निम्न फलनों के समुच्चयों में से कौन-सा अगणनीय है ? ($\mathbb{N}$ धनपूर्ण संख्याओं की समुच्चय को निर्दिष्ट करता है)
1. $\{f | f: \mathbb{N} \to \{1,2\}\}$.
2. $\{f | f: \{1,2\} \to \mathbb{N}\}$.
3. $\{f | f: \{1,2\} \to \mathbb{N}, f(1) \leq f(2)\}$.
4. $\{f \mid f: \mathbb{N} \to \{1,2\}, f(1) \leq f(2)\}$.

64. Which of the following sets of functions are uncountable? ($\mathbb{N}$ stands for the set of natural numbers.)
1. $\{f | f: \mathbb{N} \to \{1,2\}\}$.
2. $\{f | f: \{1,2\} \to \mathbb{N}\}$.
3. $\{f | f: \{1,2\} \to \mathbb{N}, f(1) \leq f(2)\}$.
4. $\{f \mid f: \mathbb{N} \to \{1,2\}, f(1) \leq f(2)\}$.

65. मानें कि $\mathbb{R}$ पर एक परिबद्ध फलन $f$ है, तथा $a \in \mathbb{R}. \delta > 0$ के लिए
मानें कि, $\omega(a, \delta) = \sup|f(x) - f(a)|$,
$x \epsilon [a - \delta, a + \delta]$.
तो
1. $\omega(a, \delta_1) \leq \omega(a, \delta_2)$ if $\delta_1 \leq \delta_2$.
2. $\lim_{\delta \to 0+} \omega(a, \delta) = 0$ सभी $a \in \mathbb{R}$ के लिए।
3. $\lim_{\delta \to 0+} \omega(a, \delta)$ के अस्तित्व की आवश्यकता नहीं है।
4. $\lim_{\delta \to 0+} \omega(a, \delta) = 0$ यदि तथा केवल यदि $a$ पर $f$ संतत है।

65. Let $f$ be a bounded function on $\mathbb{R}$ and $a \in \mathbb{R}$. For $\delta > 0$,
let $\omega(a, \delta) = \sup|f(x) - f(a)|$,
$x \epsilon [a - \delta, a + \delta]$.
Then
1. $\omega(a, \delta_1) \leq \omega(a, \delta_2)$ if $\delta_1 \leq \delta_2$.
2. $\lim_{\delta \to 0+} \omega(a, \delta) = 0$ for all $a \in \mathbb{R}$.
3. $\lim_{\delta \to 0+} \omega(a, \delta)$ need not exist.
4. $\lim_{\delta \to 0+} \omega(a, \delta) = 0$ if and only if $f$ is continuous at $a$.

66. $n \geq 2$ के लिए, मानें कि $a_n = \frac{1}{n \log n}$ है। तो
1. अनुक्रम $\{a_n\}_{n=2}^{\infty}$ अभिसारी है।
2. श्रेणी $\sum_{n=2}^{\infty} a_n$ अभिसारी है।
3. श्रेणी $\sum_{n=2}^{\infty} a_n^2$ अभिसारी है।
4. श्रेणी $\sum_{n=2}^{\infty} (-1)^n a_n$ अभिसारी है।

66. For $n \geq 2$, let $a_n = \frac{1}{n \log n}$. Then
1. The sequence $\{a_n\}_{n=2}^{\infty}$ is convergent.
2. The series $\sum_{n=2}^{\infty} a_n$ is convergent.
3. The series $\sum_{n=2}^{\infty} a_n^2$ is convergent.
4. The series $\sum_{n=2}^{\infty} (-1)^n a_n$ is convergent.

67. मानें कि $\{a_0, a_1, a_2, \dots\}$ वास्तविक संख्याओं का एक अनुक्रम है। किसी भी $k \geq 1$ के लिए, मानें कि $s_n = \sum_{k=0}^{n} a_{2k}$ है। निम्न कथनों में से कौन सा सही है?
1. यदि $\lim_{n \to \infty} s_n$ का अस्तित्व है, तो $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ का अस्तित्व है।
2. यदि $\lim_{n \to \infty} s_n$ का अस्तित्व है, तो $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ के अस्तित्व होने की आवश्यकता नहीं है।
3. यदि $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ का अस्तित्व है, तो $\lim_{n \to \infty} s_n$ का अस्तित्व है।
4. यदि $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ का अस्तित्व है, तो $\lim_{n \to \infty} s_n$ के अस्तित्व होने की आवश्यकता नहीं है।

67. Let $\{a_0, a_1, a_2, \dots\}$ be a sequence of real numbers.
For any $k \geq 1$, let $s_n = \sum_{k=0}^{n} a_{2k}$. Which of the following statements are correct?
1. If $\lim_{n \to \infty} s_n$ exists, then $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ exists.
2. If $\lim_{n \to \infty} s_n$ exists, then $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ need not exist.

3. If $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ exists, then $\lim_{n\to\infty} s_n$ exists.
4. If $\sum_{m=0}^{\infty} a_m$ exists, then $\lim_{n\to\infty} s_n$ need not exist.

**68.** मानें कि $F: \mathbb{R}^n \times \mathbb{R}^n \to \mathbb{R}$ फलन $F(x,y) = \langle Ax, y\rangle$ है जहां $\langle , \rangle$ $\mathbb{R}^n$ का मानक आंतर गुणनफल है, तथा $A$ एक $n \times n$ वास्तविक आव्यूह है। यहां $D$ संपूर्ण अवकलज को निर्दिष्ट करता है। निम्न कथनों में कौन-से सही हैं?

1. $\big(DF(x,y)\big)(u,v) = \langle Au, y\rangle + \langle Ax, v\rangle$.
2. $\big(DF(x,y)\big)(0,0) = 0$.
3. कुछ $(x,y)\epsilon\mathbb{R}^n \times \mathbb{R}^n$ के लिए $DF(x,y)$ अस्तित्व नहीं रखता।
4. $DF(x,y)$, $(x,y) = (0,0)$ पर अस्तित्व नहीं रखता।

**68.** Let $F: \mathbb{R}^n \times \mathbb{R}^n \to \mathbb{R}$ be the function $F(x,y) = \langle Ax, y\rangle$, where $\langle , \rangle$ is the standard inner product of $\mathbb{R}^n$ and $A$ is a $n \times n$ real matrix. Here $D$ denotes the total derivative. Which of the following statements are correct?

1. $\big(DF(x,y)\big)(u,v) = \langle Au, y\rangle + \langle Ax, v\rangle$.
2. $\big(DF(x,y)\big)(0,0) = 0$.
3. $DF(x,y)$ may not exist for some $(x,y)\epsilon\mathbb{R}^n \times \mathbb{R}^n$.
4. $DF(x,y)$ does not exist at $(x,y) = (0,0)$.

**69.** मानें कि $f: \mathbb{R}^n \to \mathbb{R}^n$ एक संतत फलन है ताकि $\int_{\mathbb{R}^n} |f(x)|dx < \infty$ है।
मानें कि $A$ एक वास्तविक $n \times n$ व्युत्करणीय आव्यूह है तथा $x, y\epsilon\mathbb{R}^n$ के लिए मानें कि $\langle x,y\rangle$, $\mathbb{R}^n$ पर मानक आंतर गुणनफल को निर्दिष्ट करता है। तो $\int_{\mathbb{R}^n} f(Ax)e^{i\langle y,x\rangle}dx =$

1. $\int_{\mathbb{R}^n} f(x)e^{i\langle (A^{-1})^T y,x\rangle} \frac{dx}{|det\ A|}$
